## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव, छत्तीसगढ

पिन 491441 (फोन 07744–225036 / 229161)

क्रमांक 583 / पुस्तकालय / 04 / 2015-16 राजनांदगांव, दिनांक 3.7.2015

// पुस्तकें क्रय करने हेतु संक्षिप्त निविदा सूचना //

शिक्षा सत्र 2015–16 अथवा नयी दरें स्वीकृत होनें तक के लिये विभिन्न मदों (प्राप्ति की प्रत्याशा ) में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान विषय की पुस्तकें क्रय किया जाना है। उपरोक्तानुसार संबंधित विषयों के पुस्तकों के प्रकाशकों, वितरकों एवं सप्लायरों से खुली निविदा, दो (अलग अलग) लिफाफा पद्धति से, रू. 10,000 (रू. दस हजार मात्र) की अमानत राशि सहित आमंत्रित की जाती है। पुस्तकों में अंकित (प्रकाशित) मूल्य पर अधिकतम छूट के प्रतिशत के साथ अपनी निविदा निम्नानुसार प्रारूप में, कार्यालय प्राचार्य, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.) में जमा कर सकते हैं। पिछले शिक्षा सत्र में क्रय पुस्तकों की सूची का कार्यालयीन समय में अवलोकन किया जा सकता है। संभावित क्रय की जाने वाली पुस्तकें पिछले सत्र अनुसार ही होगी । अन्य नियम व शर्तें महावि0 website:www.digvijaycollege.com में देखी जा सकती है।

– संस्था में निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि** 30–7–2015 **3.00 PM** बजे तक।

– निविदा खुलने की तिथि :– अंतिम तिथि को दोपहर 4.00 PM बजे. क्रय समिति के समक्ष।

### निविदा प्रारूप

छूट की दर (प्रतिशत में)

1.हार्ड बाऊंड़(पुस्तकालय संस्करण),के विदेशी प्रकाशनों (विदेशी मुद्रा) एवं भारतीय प्रकाशनों की सभी प्रकार की पुस्तकें।

2.पेपर बैक के विदेशी प्रकाशनों (विदेशी मुद्रा) एवं भारतीय प्रकाशनों की सभी प्रकार की पुस्तकें।

**अन्य विशेष प्रकार की पुस्तकें**

3. नियम कानून, शासकीय प्रकाशन की पुस्तकें।

4. हिंदी ग्रंथ अकादमी द्वारा प्रकाशित, प्रायोजित पुस्तकें।

नियम व शर्तें–

1. निविदा के साथ रू. 10,000 (रू. दस हजार मात्र) की अमानत राशि प्राचार्यशासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) के नाम से देय डिमांड ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक या एफ.डी.आर. द्वारा एक अलग लिफाफे (**लिफाफें के ऊपर "अमानत राशि"** लिखा हो) में जमा करनी होगी अन्यथा निविदा का लिफाफा खोला नही जावेगा। निविदा के लिफाफें के ऊपर **"पुस्तक क्रय हेतु निविदा देय तिथि दिनांक 30–7–2015"** अंकित किया जावे। दोनों सील बंद लिफाफें को अलग अलग जमा करें। इन दोनों लिफाफों में निविदा सूचना क्रमांक, कार्य का नाम एवं जमाकर्ता का पूरा विवरण अवश्य अंकित हो। **एक लिफाफा प्राप्त होनें पर लिफाफा खोला नहीं जावेगा।**
2. पुस्तकों का क्रय छत्तीसगढ़ शासन भंडार क्रय नियम 2002 के अनुसार किया जायेगा।
3. निविदायें सील्ड लिफाफें में रजिस्टर्ड डाक द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर नियत तिथि एवं समय तक संस्था में जमा की जा सकती है।
4. छूट की दर में एफ.ओ.आर. महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.) के साथ–साथ समस्त कर, पेकिंग, फारवर्डिंग, कीमत भी सम्मिलित होना चाहिये।
5. संस्था के प्राचार्य का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

प्राचार्य

पृ.क्रमांक 584 / पुस्तकालय / 04 / 2014-15 राजनांदगांव, दिनांक 3.7.2015

प्रतिलिपि,

- संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, विज्ञापन शाखा, ब्लाक ए, 20, भूतल, विभागाध्यक्ष (इंद्रावती) भवन, नयारायपुर ,जिला रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
  आपकी वेब साइट पर संक्षिप्त निविदा को अपलोड कर आपसे अनुरोध है कि कम से कम एक स्थानीय एवं एक राज्यस्तरीय समाचारपत्र में कृपया प्रकाशित करवानें का कष्ट करें।
- सूचना पटल ।
- महावि0 website: www.digvijaycollege.com में समाचार के तौर पर पुरानी सूचना क्रमांक 433 / पुस्तकालय / 04 / 2015–16 राजनांदगांव, दिनांक 9.6.15 के स्थान पर प्रकाशन हेतु प्रेषित ।

प्राचार्य